# रिलायंस सीबीएम के सहयोग से बुढ़ार कॉलेज में अग्नि सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम, छात्रों ने लिया व्यावहारिक प्रशिक्षण

बुढ़ार (स्वतंत्रमत)।

शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय बुढ़ार में फायर सर्विस वीक के तहत रिलायंस सी.बी.एम. प्रोजेक्ट द्वारा अग्नि सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। फायर सर्विस वीक कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यह रहा कि विद्यार्थी आकस्मिक आगजनी की उत्पन्न होनें वाली घटना से कैसे बचाव कर सकें और होनें वाली हानि की सुरक्षा में सहायक हो सकें, के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम अवसर पर फायर सेफ्टी विशेषज्ञ नें आकस्मिक माल बिल्डिंग या घरों में आग लगने की स्थिति में सुरक्षित बाहर निकलने का व्यवहारिक अभ्यास छात्रों को कराया, जिससे विद्यार्थियों में आपातकालीन परिस्थितियों में सही निर्णय लेने की क्षमता विकसित हो सकीख् साथ ही अग्निशामक यंत्रों के उपयोग का प्रशिक्षण भी दिया गया, जिसमें छात्रों एवं महाविद्यालयीन स्टाफ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, इसके अलावा प्राथमिक चिकित्सा एवं आपातकालीन बचाव कार्यों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां भी छात्रों के मध्य साझा की गईं। फायर सर्विस वीक कार्यक्रम अवसर पर महाविद्यालयीन छात्रों ने न केवल आग बुझाने के तरीकों को समझा, बल्कि स्वयं अग्निशामक उपकरणों का संचालन कर व्यावहारिक



अनुभव भी प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन रिलायंस सी.बी.एम. प्रोजेक्ट फायर सेफ्टी विभाग के अधिकारी प्रेम कुमार राठौर के मार्गदर्शन में किया गया। इस दौरान फायर सेफ्टी विशेषज्ञ प्रदीप द्विवेदी ने आग लगने के प्रमुख कारणों और उससे बचने के प्रभावी उपायों की विस्तृत जानकारी से अवगत कराया। शासकीय महाविद्यालय प्राचार्य डॉ गंगा मिश्रा नें रिलायंस सी.बी.एम. द्वारा फायर सर्विस वीक के अवसर पर महाविद्यालय में छात्रों तथा महाविद्यालयीन स्टाफ को आगजनी की घटना से बचाव के विविध पहलुओं से अवगत करानें के इस सार्थक प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन से छात्रों को आगजनी से सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने में अति महत्वपूर्ण रही हैं।

फायर सर्विस वीक कार्यक्रम अवसर पर रिलायंस की ओर से डॉ. समीम खान, अजय पांडे एवं दिलीप नामदेव की उपस्थिति रही, वहीं महाविद्यालय प्राचार्य डॉ गंगा मिश्रा, राष्ट्रीय सेवा योजना जिला संगठक एवं वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ अनिल कुमार उपाध्याय, डॉ राधेश्याम नापित, डॉ नागमणि मानिकपुरी, डॉ रानी पटेल, डॉ. बी.एन. उपाध्याय, दीपक पटेल, दिनेश वर्मा एवं कमलेश प्रजापति अजय जैन सहित महाविद्यालय स्टाफ तथा छात्र-छज्ञत्राओं की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## हेडगेवार पार्क स्थित तालाब में श्रमदान, जल संरक्षण का दिया संदेश

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत नगर पालिका परिषद द्वारा शहर में जल स्रोतों के संरक्षण एवं स्वच्छता हेतु निरंतर गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में नगर क्षेत्र के सरस्वती स्कूल (जेल बिल्डिंग) के पास स्थित डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार पार्क परिसर के तालाब में श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के निर्देशन एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशा जितेंद्र भंडारी के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारियों, स्वच्छता मित्रों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने सहभागिता निभाई। पूर्व पार्षद प्रभात पांडे भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## अवैध मादक पदार्थ स्मैक (हेरोइन) के साथ महिला सहित 4 आरोपी गिरफ्तार

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** थाना जयसिंहनगर को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर बस स्टैंड जयसिंहनगर में रीवा से आ रही यात्री बस में एक पुरुष और एक महिला को अवैध मादक पदार्थ स्मैक (हेरोइन) के साथ रंगे हाथों पकड़ा है। मामले में कुल 04 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि दीपक बस क्रमांक एमपी 17 पी 5255 में एक पुरुष और एक महिला रीवा से भारी मात्रा में स्मैक लेकर शहडोल की ओर आ रहे हैं। सूचना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने तत्काल बस स्टैंड जयसिंहनगर पर घेराबंदी की। शाम लगभग 15.55 बजे बस स्टैंड पहुंची बस की चेकिंग के दौरान बीच की सीट पर बैठे एक पुरुष और एक महिला संदेहास्पद मिले। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम आरती सेन पति राजेन्द्र उर्फ इंटू सेन, निवासी पुरानी बस्ती शहडोल और किशन भारती पिता स्व. संतोष भारती, निवासी अंबेडकर कॉलोनी शहडोल बताया। एनडीपीएस एक्ट की धारा के तहत वैधानिक प्रक्रिया अपनाते हुए तलाशी लेने पर आरोपियों के कब्जे से मादक पदार्थ कुल 12.98 ग्राम अवैध स्मैक (हेरोइन) (कीमत लगभग 30,000 रुपये, अन्य सामग्री एक वीवो मोबाइल फोन, नकद रुपये, बस टिकट, ड्राइविंग लाइसेंस एवं अन्य दस्तावेज, कुल मशरुका जप्तशुदा माल की कुल कीमत 42,750 रुपये आंकी गई है।

## खनिज माफियाओं पर बड़ी कार्रवाई, जिले में अवैध उत्खनन करते जेसीबी जब्त

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

डिंडौरी। जिला कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया के निर्देशन में जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर रोकथाम हेतु लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में खनिज विभाग की टीम द्वारा शुक्रवार को ग्राम चटुआ, में दबिश देकर अवैध उत्खनन का मामला पकड़ा गया।

मिली जानकारी के मुताबिक कार्रवाई के दौरान एक जेसीबी मशीन को खनिज मुरम के अवैध



उत्खनन में संलिप्त पाया गया। मौके पर वाहन चालक राजू परस्ते, निवासी विक्रमपुर, तहसील डिंडोरी, जिला डिंडोरी को भी पकड़ा गया।जांच के बाद उक्त जेसीबी मशीन को जब्त कर थाना कोतवाली डिंडौरी में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया है। विभाग द्वारा खनिज नियमों के प्रावधानों के तहत आगामी विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है। साथ ही प्रकरण पंजीबद्ध कर उसे न्यायालय कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध खनन गतिविधियों पर सख्त निगरानी जारी रहेगी और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## समनापुर जनपद ने कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई अब हर जल संरचना की होगी जियो-टैगिंग

**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)** जिले में जल संरक्षण को लेकर चलाए जा रहे जल शक्ति अभियान कैच द रेन को गति देने के लिए जनपद पंचायत समनापुर ने बड़ा कदम उठाया है। बता दें कि मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा आदेश जारी कर अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी विभिन्न ग्राम पंचायतों में तय कर दी गई है।

**जारी आदेश के मुताबिक** -जारी आदेश के मुताबिक, अभियान के तहत गांवों में मौजूद जल संरचनाओं का भौतिक सत्यापन, फोटोग्राफी और जियो-टैगिंग की जाएगी। इसके लिए कर्मचारियों को अलग-अलग ग्राम पंचायतों में तैनात किया गया है, जहां वे मौके पर पहुंचकर संरचनाओं की स्थिति का निरीक्षण करेंगे और जानकारी पोर्टल पर अपलोड करेंगे।

प्रशासन ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी कर्मचारियों को तय समय सीमा में काम पूरा करना अनिवार्य होगा। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है।

साथ ही इस आदेश की प्रतिलिपि कलेक्टर डिंडौरी और जिला पंचायत को भी भेजी गई है, ताकि अभियान की निगरानी उच्च स्तर पर सुनिश्चित की जा सके।जल संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए प्रशासन अब हर स्तर पर निगरानी बढ़ा रहा है। जियो-टैगिंग और फील्ड वेरिफिकेशन से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि जल संरचनाओं की वास्तविक स्थिति सामने आए और योजनाओं का सही क्रियान्वयन हो सके।

## जिले में स्वच्छता पर सख्ती-कचरा फैलाया तो जुर्माना, दुकानदारों और आमजन दोनों पर कार्रवाई, बीएनएस धारा 135 लागू



**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)** जिला मुख्यालय को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाने के लिए प्रशासन अब पूरी तरह सख्त रुख अपनाने जा रहा है। एसडीएम रामबाबू देवांगन ने स्पष्ट निर्देश जारी करते हुए कहा है कि सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा और उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जारी निर्देशों के अनुसार, दुकानों के सामने कचरा फैलाने वाले व्यापारियों पर बीएनएस की धारा 135 के तहत जुर्माना लगाया जाएगा। वहीं सड़कों पर कचरा फेंकने या सार्वजनिक स्थानों को गंदा करने वाले आम लोगों पर भी दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन का कहना है कि शहर की साफ-सफाई केवल सरकारी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है। इसी सोच के साथ यह विशेष स्वच्छता अभियान शुरू किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य डिंडौरी को स्वच्छ और स्वस्थ शहर के रूप में विकसित करना है। एसडीएम के इस फैसले का स्थानीय नागरिकों ने स्वागत किया है। लोगों का मानना है कि इस तरह की सख्ती से न केवल स्वच्छता व्यवस्था मजबूत होगी, बल्कि नागरिकों में जागरूकता भी बढ़ेगी। प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि नियमों का पालन करें और शहर को स्वच्छ रखने में सक्रिय सहयोग दें, ताकि च्च्साफ शहर, स्वस्थ जीवन का लक्ष्य साकार हो सके।

## नर्मदा से अवैध रेत खनन और परिवहन करने वाले आरोपी को 1 वर्ष की सजा, 4 हजार रुपये जुर्माना

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

जिले में अवैध रेत उत्खनन और परिवहन के खिलाफ न्यायालय ने सख्त रुख अपनाते हुए एक आरोपी को एक वर्ष के साधारण कारावास एवं आर्थिक दंड से दंडित किया है। यह फैसला अवैध खनन के मामलों में कड़ा संदेश माना जा रहा है।

मीडिया सेल प्रभारी एवं अभियोजन अधिकारी मनोज कुमार वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना गाड़ासरई, जिला डिंडौरी में दर्ज अपराध क्रमांक 100/2017 के तहत आरोपी रूप सिंह टेकाम (28 वर्ष), निवासी ग्राम धवाडोगरी, के विरुद्ध अवैध रूप से रेत (बालू) चोरी एवं परिवहन का मामला पंजीबद्ध




किया गया था। मामले की सुनवाई के दौरान न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्रीमती कमला उईके, जिला डिंडौरी ने आरोपी को भारतीय दंड संहिता की धारा 379 सहपठित धारा 34 के तहत दोषी ठहराते हुए 1 वर्ष का साधारण कारावास सुनाया। इसके साथ ही मोटर यान अधिनियम के तहत विभिन्न धाराओं में कुल 4,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया गया।

### क्या है पूरा मामला?

घटना दिनांक 28 मई 2017 की है, जब पुलिस को सूचना मिली कि एक ट्रैक्टर-ट्रॉली में नर्मदा नदी से अवैध रूप से रेत लोड कर बरसोद की ओर ले जाया जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने बरसोद प्राथमिक शाला के पास नाकाबंदी की।

सुबह लगभग 8:55 बजे संदिग्ध ट्रैक्टर-ट्रॉली को रोककर जांच की गई, जिसमें रेत (बालू) लदी पाई गई। पूछताछ में चालक ने अपना नाम रूप सिंह टेकाम बताया, जबकि साथ बैठे व्यक्ति ने स्वयं को ट्रैक्टर मालिक प्रीतम सिंह टेकाम बताया। जांच के दौरान जब वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया, तो आरोपी कोई दस्तावेज नहीं दिखा सके। उन्होंने स्वीकार किया कि रेत नर्मदा नदी से अवैध रूप से लोड कर बिक्री हेतु ले जाई जा रही थी।

# वंचितों को आगे बढ़ाने में बाबा साहब ने पूरा जीवन लगा दिया : धुर्वे

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर जिला भाजपा कार्यालय डिण्डौरी में प्रबुद्धजनों की संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा राष्ट्रीय मंत्री व विधायक ओमप्रकाश धुर्वे उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष चमरू सिंह नेताम ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ मंचासीन अतिथियों द्वारा भारत माता एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर सहित अन्य महान विभूतियों के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। मुख्य अतिथि ओमप्रकाश धुर्वे ने अपने उद्बोधन में कहा कि बाबा साहब केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, समानता और अधिकारों की सशक्त विचारधारा हैं। उन्होंने अपने



संघर्ष और विचारों से देश को नई दिशा दी तथा भारतीय संविधान के माध्यम से सभी वर्गों को समान अधिकार दिलाए। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार बाबा साहब के सपनों को साकार करने की दिशा में कार्य कर रही है और गरीब, दलित, वंचित व पिछड़े वर्गों के उत्थान हेतु अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं।अजजा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष पंकज सिंह तेकाम ने कहा कि डॉ. अंबेडकर पूरे राष्ट्र के नेता थे और आज का भारत योग्यता एवं समानता के आधार पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने पंच तीर्थ की अवधारणा का उल्लेख करते हुए बताया कि बाबा साहब से जुड़े प्रमुख स्थलों-जन्मस्थली, शिक्षा स्थली, दीक्षा भूमि, महापरिनिर्वाण स्थल एवं चैत्यभूमि-का विकास राष्ट्र निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।जिला भाजपा अध्यक्ष चमरू सिंह नेताम ने कहा कि बाबा साहब का जीवन संघर्ष, शिक्षा और आत्मसम्मान की प्रेरणा देता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचकर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करें।

कार्यक्रम के अंत में दादूदास महंत, प्रीतम झारिया, रामविशाल झारिया, सतरूपा नागेश, मोना हिरोंदे सहित कई प्रबुद्धजनों को शॉल-श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन परसराम नागेश तथा आभार प्रदर्शन डॉ. शंकर गवले ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

## भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर जिले में भव्य आयोजन

### 20 अप्रैल को निकलेगी भव्य शोभायात्रा

### परशुराम जन्मोत्सव मे होगा रक्त शिविर



**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** जिला ब्राह्मण समाज द्वारा भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव एवं अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर 20 अप्रैल को विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रद्धा और उत्साह के साथ किया जा रहा है। समाज के जिला अध्यक्ष पं. बालमीक गौतम एवं संभागीय संयोजक पं. रामलखन तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 10 बजे रक्तदान शिविर एवं आयुर्वेदिक व होम्योपैथिक स्वास्थ्य शिविर से होगी। इसके बाद अपरान्ह 1.30 बजे स्नेह भोज का आयोजन रखा गया है, जिसमें बड़ी संख्या में विप्रजन सहभागिता करेंगे। सायं 4 बजे भगवान परशुराम जी की जीवन्त झांकियों का पूजन-अर्चन एवं पुण्य श्लोकों का पाठ किया जाएगा। इसके पश्चात सायं 4.30 बजे जयस्तंभ चौक से गांधी चौक, जैन मंदिर होते हुए मोहनराम मंदिर तक भगवान परशुराम जी की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। समाज के पदाधिकारियों ने समस्त विप्रजनों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रमों को सफल बनाएं। आयोजन को लेकर पूरे शहर में उत्साह का माहौल है।

## सीबीएसई 10वीं में रुद्रांश-काव्या ने लहराया परचम, 95 प्रतिशत से अधिक अंक लाकर जिले का नाम किया रोशन



**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई का परीक्षा परिणाम घोषित होते ही जिले में खुशी की लहर दौड़ गई। गुड शेफर्ड कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, जिले के होनहार छात्र रुद्रांश शुक्ला एवं काव्या त्रिपाठी ने कक्षा 10वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए क्रमशः 474/500 एवं 475/500 अंक अर्जित कर अपने परिवार, विद्यालय एवं पूरे जिले का नाम गौरवान्वित किया है। रुद्रांश शुक्ला, पिता डॉ. बी.एन. शुक्ला, तथा काव्या त्रिपाठी, पिता संदीप त्रिपाठी, की यह सफलता उनकी निरंतर मेहनत, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण का परिणाम है। दोनों विद्यार्थियों ने अपनी शैक्षणिक क्षमता का शानदार प्रदर्शन करते हुए संतुलित एवं प्रभावशाली परिणाम हासिल किया, जो उनकी गहन तैयारी का प्रमाण है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि से दोनों छात्रों के परिवारों में खुशी का माहौल है। विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय के शिक्षकों, माता-पिता एवं परिवार के सभी सदस्यों को दिया। रुद्रांश शुक्ला ने कक्षा 4 से ही उद्यमिता (व्यवसाय शुरू करने की कला) में रुचि दिखाई और कई बार सम्मानित हुए। कक्षा 10वीं की परीक्षा के बाद उन्होंने आईआईटी दिल्ली में निवेशकों के सामने अपना विचार प्रस्तुत कर प्रथम स्थान हासिल किया, जहां संस्थान की टीम ने उन्हें सम्मानित किया। उन्होंने एक ऐसा सॉफ्टवेयर (कंप्यूटर आधारित कार्यक्रम) विकसित किया है, जिसकी मदद से वे लोग भी, जिन्हें स्टार्टअप (नया व्यवसाय शुरू करने) के बारे में जानकारी नहीं है, आसानी से अपनी कंपनी स्थापित कर सकते हैं। विद्यालय की प्राचार्य लीना रोज एवं समस्त शिक्षकों ने इस सफलता को अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक बताया। रुद्रांश शुक्ला और काव्या त्रिपाठी ने यह सिद्ध कर दिया है कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो, मेहनत सच्ची हो और आत्मविश्वास मजबूत हो, तो परिस्थितियां चाहे कितनी भी कठिन क्यों न हों, सफलता अवश्य मिलती है।

## पड़मनिया, नरगी, उधिया रोड का हुआ भूमि पूजन




**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** लोक निर्माण विभाग द्वारा बहुप्रतीक्षित मांग पड़मनिया से नरगी उधिया मार्ग का भूमिपूजन मुख्य अतिथि विधायक जयसिंह नगर मनीषा सिंह विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष अमिता चपरा, पूर्व जिला उपाध्यक्ष सुशील शर्मा, मंडल अध्यक्ष राकेश कुशवाहा के आतिथ्य में 2 करोड़ 93 लाख की लागत से 4 किलोमीटर की सड़क का भूमि पूजन आनंद ग्राम पड़मनिया खुर्द में संपन्न हुआ। जिसमें जनपद सदस्य दयावती बैगा, सुमंत तिवारी, राजेश प्रताप सिंह, संजीव श्रीवास्तव, रामनिवास गुप्ता, दीपेश तिवारी, वाल्मीक प्रसाद साहू, भोला प्रसाद कुशवाहा, सरपंच ग्राम पंचायत पडमनिया खुर्द, पडमनिया कला एवं नरगी शामिल हुए। संचालन उपसरपंच अनिल साहू के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में लोग निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री, सहायक यंत्री, श्रीराम कंस्ट्रक्शन से विवेक खोडियार सहित सैकड़ो की संख्या में महिला, पुरुष, ग्रामीण जन शामिल हुए।

## शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** महिला थाना द्वारा शादी का प्रलोभन देकर दुराचार करने वाले आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई है। शिकायतकर्ता ने महिला थाना में उपस्थित होकर लिखित आवेदन प्रस्तुत किया। पीड़िता ने बताया कि आरोपी कमलेश रैकवार, निवासी ग्राम पटेरिया, जिला दमोह, से उसकी जान-पहचान वर्ष 2021 में हुई थी। आरोपी ईशाब बैंक में माइक्रो फाइनेंस का कार्य करता था और पीड़िता के घर आता-जाता था। आरोपी ने पीड़िता को शादी का झांसा देकर वर्ष 2022 से लगातार उसका शारीरिक शोषण किया। इस दौरान आरोपी का स्थानांतरण सिहोरा (जबलपुर) और फिर भिटौनी (जबलपुर) हुआ, लेकिन वह लगातार शादी का वादा कर पीड़िता के साथ संबंध बनाता रहा। अंतिम बार 28 मार्च (नवरात्रि) को आरोपी ने पीड़िता के घर आकर उसके साथ दुष्कर्म किया। जब पीड़िता ने आरोपी के मोबाइल में किसी अन्य लड़की की फोटो देखी और शादी का दबाव बनाया, तो आरोपी ने शादी करने से साफ इनकार कर दिया। पीड़िता की शिकायत पर महिला थाना शहडोल में आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

